## ईशा महाशिवरात्रि 2024 की लाइव स्ट्रीमिंग

# गवर्मेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेटर 20, चंडीगढ़ में ध्यान और सांस्कृतिक का उत्सव

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़:** सद्गुरु जग्गी वासुदेव द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन और शक्तिशाली ध्यान सत्रों के साथ-साथ प्रख्यात कलाकारों द्वारा मनमोहक संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर पूरे ट्राइसिटी से लगभग 500 भक्तों ने इस अवसर का लाभ उठाया और रात भर चले समारोह में भाग लिया। इस वर्ष, कोयंबटूर में ईशा महाशिवरात्रि उत्सव का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ द्वारा किया गया। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध शिक्षिका डॉ. सपना नंदा, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वरिष्ठ अधिकारी श्री. राकेश कुमार पोपली, अतिरिक्त निदेशक, पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग, पंजाब और श्री आर. आर. मिश्रा, हिंदी अधिकारी, कार्यालय महालेखाकार (ए एंड ई), पंजाब ने अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और उद्घाटन दीप प्रज्वलित किया।



महाशिवरात्रि के महत्व पर, सद्गुरु ने अक्सर कहा है कि इस रात के दौरान मानव प्रणाली में ऊर्जा का प्राकृतिक उछाल होता है और अगर कोई पूरी रात अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए जागृत, सतर्क और जागरूक रहता है तो वह जबरदस्त शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकता है। रात भर चलने वाले उत्साहपूर्ण उत्सव ने ट्राइसिटी के चाहने वालों के लिए इस घटना का अनुभव करने के लिए एक आदर्श माहौल तैयार किया। यह उत्सव ध्यानलिंग मंदिर में पंच भूत आराधना - जिसका उद्देश्य भीतर के पांच तत्वों की शुद्धि है - के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद आदियोगी स्थान पर जाने के लिए के लिए लिंग भैरवी देवी की महायात्रा शुरू हुई। जैसा कि कई प्रतिभागियों ने बताया, सद्गुरु द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित मध्यरात्रि ध्यान सत्र रात के सबसे समृद्ध अनुभवों में से एक था। ध्यान सत्र ब्रह्म महुर्तम (सूर्योदय से पहले गोधूलि समय) और सुबह के दौरान भी आयोजित किए गए थे। रात के अन्य प्रमुख आकर्षणों में शंकर महादेवन, गुरदास मान, संदीप नारायण, पवनदीप राजन, रथजीत भट्टाचार्जी, महालिंगम, पृथ्वी गंधर्व, मुरलाल मारवाड़ा, थालिका प्रोजेक्ट के साथ-साथ ईशा के अपने घरेलू साउंड्स ऑफ ईशा और सहित प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली लाइव प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। बैंड प्रोजेक्ट संस्कृति। इस कार्यक्रम में पैराडॉक्स, एमसी हेम और धारावी प्रोजेक्ट जैसे नए जमाने के रैपर्स भी शामिल हुए।

प्रोजेक्ट संस्कृति ने अपनी तरह की शैली में नृत्य प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया, जो कलारीपयट्टू (भारतीय मार्शल आर्ट), शास्त्रीय नृत्य और अग्नि स्टंट का मिश्रण था, जिसने दर्शकों को पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया। ट्राइसिटी के प्रतिभागियों ने विशेष रूप से शंकर महादेवन के शास्त्रीय और समकालीन संगीत के मिश्रण, पैराडॉक्स के समकालीन ऊर्जावान रैप और निश्चित रूप से हमारे अपने गुरदास मान के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन का आनंद लिया। फ्रांसीसी कलाकारों की टुकड़ी द्वारा प्रस्तुत सेवसॉइल थीम गीत, प्रोजेक्ट थालिका भी यहां दर्शकों के बीच गूंजा और खूब तालियां बटोरीं। स्वयंसेवकों ने सेक्टर 20 कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अन्नदानम - उपवास भोजन सहित भोजन की पवित्र पेशकश की। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्साहित और व्यस्त रखने के लिए मनोरंजक खेल और कला स्टॉल भी लगाए थे। समारोह 8 मार्च को शाम 6 बजे शुरू हुआ और 9 मार्च को सुबह 6 बजे समाप्त हुआ।

# मटौर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, अनेक टीमों ने बढ़-चढ़ कर लिया भाग

## जिला पार्षद दीप बालू ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

- विजेता टीमों को ट्रॉफी व कैश प्राइज देकर किया सम्मानित
- नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लें युवा और बाकी समय मे किसानी की तरफ दें ध्यान : दीप बालू





कृष्ण प्रजापति

**कैथल:** जय बाबा संदोख दास क्रिकेट क्लब मटौर द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अनेक टीमों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन गांव के जय बाबा संदोख दास स्टेडियम में करवाया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर वार्ड 4 से जिला पार्षद दीप बालू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उनका हौसला बढ़ाया और विजेता टीमों को ट्रॉफी व कैश प्राइज देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच रमेश मटौर और भाजपा नेता महिपाल चौशाला भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पहला ईनाम बिठमड़ा की टीम और दूसरा ईनाम गाजोवाला की टीम ने प्राप्त किया। पहला ईनाम 41000 व ट्रॉफी, दूसरा ईनाम 21111 रुपए रखा गया था जोकि विजेता टीमों को दिया गया।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला पार्षद दीप बालू ने कहा कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों में भाग लें और बाकी समय मे किसानी की तरफ ध्यान दें। उन्होंने कहा कि युवा विदेशों में बाहर जाने की बजाए अपने देश में रहकर कार्य करें।आज खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के दम पर विश्व में उच्चकोटि का प्रदर्शन करते हुए मैडल जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। खिलाडियों की प्रतिभा पर समूचे देश व प्रदेश को गर्व है। दीप बालू ने कहा कि हार से घबराने की बजाए टीम को जीत हासिल करने के लिए नए सिरे से कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि गांव स्तर पर भी युवा खेल मेले का आयोजन किया जाए ताकि युवाओं को नशे से दूर रहने से प्रेरणा मिले और वे खेलों में भाग लेकर देश के लिए मैडल जीतकर लाएं। जिला पार्षद ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसी प्रतियोगिता आयोजित होने से खिलाड़ियों के अंदर छिपी प्रतिभा उजागर होती है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जरनैल सिंह डूडा बने अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव, कहा, पार्टी की नीतियों का करेंगे प्रचार



**लाडवा :** कांग्रेस पार्टी की तरफ से लाडवा खंड के गांव डूडा के पूर्व सरपंच जरनैल सिंह को पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर विधायक मेवा सिंह ने जरनैल सिंह डूडा को न केवल फूल माला पहना कर स्वागत किया, बल्कि कहा कि इससे पार्टी के संगठन को मजबूती मिलेगी। जरनैल सिंह डूडा न केवल मिलनसार हैं, बल्कि वर्षों से पार्टी की सेवा कर रहें है। पार्टी को ऐसे ईमानदार व मेहनती कार्यकर्ताओं को आगे लाकर पार्टी की जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। नवनियुक्त प्रदेश सचिव जरनैल सिंह डूडा ने कहा कि पार्टी ने को मुझे जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसपर खरा उतरने का काम करेंगे व पूरी मेहनत से निभाते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। पार्टी की नीतियों से अवगत करवाकर पार्टी का प्रचार-प्रसार करने में कोई कसर नहीं छोडेंगे। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति पर हरियाणा चेयरमैन मनोज बागड़ी व विधायक मेवा सिंह सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार भी प्रकट किया। वहीं मौके पर भगवंत सिंह विर्क, डा. अमन पंजेटा खरकाली, रणबीर बपदी, सुखबीर संधू, शिव दयाल, रवि देशवाल, नैब सिंह कश्यप सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत 9वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने किया दाल के बीज का वितरण



**बलरामपुर :** 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा सीमा चौकी सिरियानाका के नंदमहरा गाँव में आर.के. तेजकुमार (उप0 कमाडेंट) नौवी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत दालों जिसमे मूंग और उड़द का बीज वितरण किया गया। वितरण के दौरान मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर द्वारा बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है।इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं द्वारा बीज का उपयोग कर अपना खुद का व्यवसाय व आय बढ़ाने में मदद मिलेगा। 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कार्यक्रम का प्रंशसा करते हुए सशस्त्र सीमा बल के कर्मियो को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान नीरज कुमार सिंह (उप.कमांडेंट) नौवी वाहिनी, अल्ताफ अली (आई.बी) सहेंदर सिंह उपनिरीक्षक नंदमहरा पुलिस प्रभारी , प्रधान मालिका राम यादव एवम काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उतरौला (बलरामपुर) :** शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत सरकार द्वारा बनाए गये कानून में हर्ष फायरिंग एवं सार्वजनिक स्थान पर फायरिंग, विस्फोटक सामग्री पर पूर्णतया रोक लगाई गई है। उसके बावजूद भी यदा कदा लोग अपने अज्ञानता बस सार्वजनिक स्थान पर फायरिंग करते देखे जाते हैं। जिस पर कानूनी कार्रवाई भी होती रहती है ।उसी क्रम मे विवेक पटवा पुत्र राधेश्याम पटवा निवासी पटेल नगर उतरौला की तहरीर पर थाना कोतवाली उतरौला में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई है जिसमें प्रार्थी द्वारा यह कहा गया है कि एक शादी समारोह में उतरौला में स्थित रामलीला मैदान मे सम्मिलित होने गया था जिसमें अजय सोनी पुत्र मेवालाल सोनी निवासी मोहल्ला आर्य नगर स्टेज पर खड़े होकर अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से अचानक कई राउंड फायरिंग करने लगे जिससे मैं काफी डर गया और बाल बाल बच गया ।वहां पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली उतरौला संजय कुमार दुबे ने बताया कि प्रार्थी की तहरीर पर शस्त्र अधिनियम की धारा 27 एवं 30 और धारा 286 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिसकी जांच की जा रही है जांच उपरांत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### ऐलनाबाद में रेल रोकने जा रहे प्रदर्शनकारी किसानों को हिरासत में लिया

**चंडीगढ़ :** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के आह्वान पर 4 घंटे रेल रोकों आंदोलन के तहत ऐलनाबाद के रेलवे स्टेशन के समक्ष भारी संख्या में किसानों ने पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना दिया और विरोध प्रदर्शन किया। रेल रोकों अभियान को देखते हुए शहर में जीआरपी व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन पर सुरक्ष के पुख्ता इंतजाम किए थे जिस कारण किसान भारी पुलिस बल व बेरिकेटिंग को देखते हुए रेलवे स्टेशन में प्रवेश नहीं कर पाए और रेलवे स्टेशन के समक्ष धरना पर बैठ गए। किसानों के इस प्रदर्शन को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन बढ़ते रोष को देखते हुए किसान युनियन हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष प्रकाश ममेरां, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सिधु, कामरेड सुरजीत सिंह, गुरदीप सिंह गुराया सहित कई किसान नेताओं व अन्य किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों के रेल रोकों आंदोलन के मद्देनजर बीते दिवस सायं पुलिस प्रशासन ने शहर के मुख्य बाजार में फ्लैग मार्च किया और शांति बनाएं रखने की अपील की।

# रक्तदान मानव जीवन का सबसे बड़ा पुनीत कार्य है : वीरेंद्र सिंह अटाली

## कहा, युवाओं का सहयोग और रक्तदान करने का जज्बा वाकई काबिले तारीफ





तेजयुग न्यूज़/रतन सिंह

**पलवल :** सामाजिक कार्य व्यवस्था में युवाओं का सहयोग और रक्तदान करने का जज्बा वाकई काबिले तारीफ है। उक्त विचार भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह अटाली ने व्यक्त किए, वह भारत विकास परिषद एवं वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

रक्तदान शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भोजराज गर्ग ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह अटाली, वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के अध्यक्ष रोहित जैन, आर एस योग संस्थान के। फतेह राम शर्मा नवजीवन चैरिटेबलट्रस्ट के होडल शाखा प्रबंधक सतीश द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल एकता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष निकुंज गर्ग ने किया।

### शिविर में 52 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह अटाली ने कहा कि रक्तदान करना अपने आप में महादान है। इस दिशा में सबको बढ चढकर भाग लेना चाहिए। रक्तदान करके किसी की जान बचाकर उसे जीवन दान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रकम से किसी को डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि रक्तदान करने से किसी भी तरह की कोई कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भोजराज गर्ग ने बताया कि संस्था के माध्यम से कई बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है हम शिविर के माध्यम से प्रयास करते हैं कि किसी भी जरूरतमंद को जरूरत पड़ने पर रक्त की कोई कमी महसूस ना हो और उसकी जान बचाई जा सके इसीलिए इन शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी सिंगला ने बताया कि संस्था के माध्यम से और भी कई सामाजिक कार्य जैसे की वस्त्र वितरण, खाना वितरण आदि कई सामाजिक कार्य समय-समय पर किए जाते रहे हैं। मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह अटाली ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नवजीवन चैरिटेबल ट्रस्ट के होडल शाखा प्रबंधक सतीश ने कहा कि नियमित रक्तदान करने से कैंसर सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी काम हो जाता है रक्तदान से सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हमारे शरीर का वजन ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन मलेरिया एचबीएसएजी एचसीवी वीडीआरएल जैसी जांच हो जाती है। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को गिफ्ट एवं प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रदीप नागल, राजेंद्र अग्रवाल, कुलदीप जैन, पुनीत सिंगला, आशीष गर्ग, कैलाश मंगला, फातेहराम शर्मा, योगाचार्य ललित आर्य, हेमंत गर्ग आदि मोजूद रहे।

# प्रवीन पांचाल बने लाडवा भाजपा मण्डल अध्यक्ष



**लाडवा:** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मण्डल अध्यक्ष ओमबीर बुढ़ा को भाजपा जिला कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष बनाया गया था। जिसके चलते लाडवा मण्डल का पद खाली हो गया था। पार्टी ने प्रवीन पांचाल मे विश्वास दिखाते हुए उन्हे लाडवा मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रवीन पांचाल ने प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, जिलाध्यक्ष रवि बतान, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई उसको वो बड़ी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है। जो विश्व भर में सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य है कि सबका साथ सबका विकास के साथ काम करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में पार्टी ने आम जनता में विश्वास पैदा किया है और विश्व गुरु बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

# उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अगुवाई में दिन-प्रतिदिन प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर है : पंजेटा

## गांव बकाली में जिला पार्षद जसबीर पंजेटा ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित



तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा के गांव बकाली में जिला परिषद वार्ड नम्बर सात के सदस्य एवं जननायक जनता पार्टी के हल्का प्रधान जसबीर पंजेटा ने वाल्मीकि मंदिर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

जिला पार्षद जसबीर पंजेटा ने कहा कि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की अगुवाई में दिन-प्रतिदिन प्रदेश तरक्की की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के के गांवों के लिए भी काफी विकास कार्यों के लिए पैसे उनकी ओर से दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद में व हल्के में पड़ने वाले सभी गांवो में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और आगे भी निरंतर विकास कार्य करवाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिन-जिन गांवों में जो-जो समस्याएं लोगों को आ रही है उनके बारे में उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को अवगत करवाया गया है, जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। वहीं इससे पूर्व उनका वाल्मीकि मंदिर में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर धर्मपाल, अमित पंजेटा, राजू, भूपेन्द्र, मोहन एडवोकेट आदि मौजूद थे।

# मोदी राज में दुनिया में देश का गौरव बढ़ा : डॉ. गणेश दत्त

## 10 साल के कार्यकाल में विकास की रफ्तार कई गुणा बढ़ी



तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व सुशासन विभाग के प्रदेश सदस्य डा. गणेश दत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल के कार्यकाल में समाज का हर वर्ग सामाजिक, आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुआ। सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के लोगों को मिला और दुनिया में भारत का गौरव भी बढा। हर भारतवासी इस गौरव को महसूस कर रहा है।

प्रदेश सदस्य डा. गणेश दत्त सोमवार को गांव सलेमपुर में गांव चलो अभियान के अन्तर्गत युवाओं से मिले। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के बाद पीएम मोदी तीसरी बार देश की बागडोर सम्भालेंगें व भावी विधानसभा चुनावों में भी भारी बहुमत से भाजपा की मनोहर सरकार बनेगी। उन्होनें कहा कि देश में सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन से स्किल और स्केल पर कार्य किये गए। जिससे विकास की रफ्तार बढ़ी। सरकार की महिला सशक्तिकरण की नीति और उठाये गये कदमों से मातृशक्ति मजबूत हुई। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान से शिक्षा व संरक्षण मिला। लिंगानुपात में सुधार हुआ व हर देशवासी बेटियों को अब बोझ नहीं बल्कि स्वाभिमान की दृष्टि देख रहा है। धारा 370 व 35ए के निरस्त होने के बाद और आयोध्या धाम में जन भावनाओं के अनुरूप भगवान राम के मंदिर का निर्माण किया गया। जिससे सनातन संस्कृति और आस्था हर देशवासी में जागृत हुई।

उन्होनें कहा कि स्वच्छता अभियान, जनधन योजना, आवास योजना, उज्जवला व उजाला योजना से जहां जीवन सुखद और सरल बना वहीं चारों और हाई-वे सडकों का निर्माण व उद्योगों की स्थापना से युवाओं को रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की नीति और नीयत पर विश्वास करते हुए दुनिया के देश भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं और उद्योग लगा रहे हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने सभी केन्द्र की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया और उनके साथ अनेक लाभकारी योजनाएं भी शुरू की ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। मौके पर रवि, गुलशन, राजु, मांगे राम, अक्षय, सुरेश पाल आदि उपस्थित थे।

# प्राचीन हनुमान मंदिर में 1948 से लगातार लगता आ रहा है हनुमान जी का मेला

## चार दिवसीय हनुमान मेले की तैयारियां पूरी, आज से 15 मार्च तक चलेगा चार दिवसीय मेला

तेजयुग न्यूज़/नरेश गर्ग

**लाडवा :** लाडवा के श्री सनातन धर्म महाबीर दल द्वारा आयोजित 77वां 4 दिवसीय प्राचीन हनुमान जी के मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हुनमान जी का यह मेला 1948 से लगाया जा रहा है। वहीं लोगों का मानना हैं कि जो भी मेले में हनुमान जी के दर्शन कर ले उसकी मनोकामना हमेशा पूरी होती हैं।



श्री सनातन धर्म महाबीर दल के सचिव पवन बंसल ने बताया कि आने वाली 12 मार्च से 15 मार्च तक 4 दिवसीय हनुमान जी का मेला शुरू होगा। जिसकों लेकर मंदिर परिसर में रंगरोगन व मंदिर परिसर को सजाने का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में लगी सभी देवी देवताओं की प्रतिमांओं को पेंटरों द्वारा रंग आदि करके उनका श्रृगार करने का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष मेले से पहले दल द्वारा इस कार्य को किया जाता है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को मुख्यातिथि के रूप में संत देवी सुदीक्षा जी महाराज ध्वजारोहण कर मेले का उद्धघाटन करेंगे। वहीं मंदिर के बन रहे भव्य गेट का भी उद्धघाटन संत देवी सुदीक्षा जी महाराज व समाजसेवी प्रदीप गर्ग व समाजसेवी सचिन गर्ग द्वारा किया जाएगा। उन्होने बताया कि शहर में यह मेला 1948 से लगातार लगाया जा रहा है। उन्होने बताया कि 1948 से लेकर 1976 तक यह मेला मंगलवार से शुरू होकर गुरुवार तक चलता था परन्तु 1977 से बाबा जहान सिंह नुकुड वालों द्वारा इस मेले को तीन दिवसीय से चार दिवसीय कर दिया गया था। जोकि प्रति वर्ष लगता आ रहा है।

उन्होंने बताया कि यह मेला फल्गु मास के शुकल पक्ष के जयेष्ठ मंगलवार से शुरू होता है। उन्होने बताया कि उत्तरी हरियाणा में केवल लाडवा शहर में ही हनुमान जी का मेला लगाया जाता है। वहीं 13 व 14 मार्च 2 दिन सांग का कार्यक्रम करवाया जाएगा। जिसमें उत्तरप्रदेश मुज्जफरनगर के मशहूर सांगी संजय मलिक द्वारा सांग किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि 15 मार्च सांय मेले के अंतिम दिन एक विराट श्री राम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यातिथि समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग होंगे। मेले में दुकानों के साथ-साथ दो दिन सांग का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि मंदिर परिसर में लगभग 6 फुट ऊंची हनुमान जी की विशाल प्रतिमा की पूजा अर्चना करने हरियाणा, पंजाब, हिमाचल सहित अन्य राज्यों के हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं।